tutions to offer funding and subsidising export market development;

(b) if so, what are the name of such institutions; and

(c) what is the nature of financial support proposed to be rendered ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED) :

(a) Yes, Sir. The World Bank has extended a line of credit of US $ 120 million to Government of India as part of an Export Development Project. The above funds are on-lent by way of term loans to Indian companies (through selected banks and financial institutions) for acquisition of fixed assets, for expansion or diversification or modernisation of production facilities, and by way of matching grant support for implementing export market development plans with industrialised country markets in focus.

(b) The selected institutions through which on-lending occurs are :

(i) Export-Import Bank of India.

(ii) Industrial Credit and Investment Corporation of India (ICICI).

(iii) Bank of Baroda.

(iv) Canara Bank.

(c) Under the World Bank Programme, term loans have been extended at 40 per cent per annum interest rate, while grat support is provided to cover 50 percent of the market development cost. Exim Bank also has an Export Marketing Fund programme wherein term loans are being extended at 15 percent p. a. interest rate and grant support is provided to cover 50 percent of the market development cost.

स्टेट बैंक आफ इंदौर द्वारा भाड़ा-क्रय के जरिये खरीदे गये कम्प्यूटर

948. **श्री राम नरेश यादव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्टेट बैंक आफ इंदौर द्वारा अब तक भाड़ा क्रय द्वारा खरीदे गए कम्प्यूटरों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इनमें से कितने कम्प्यूटरों को शाखाओं में संस्थापित किया गया है और कितने कम्प्यूटर प्रधान कार्यालय में अप्रयुक्त पड़े हैं और इसके क्या कारण हैं ;

(ग) विगत तीन वर्षों से इन कम्प्यूटरों के भाड़े और रख-रखाव में कितना मासिक व्यय किया जा रहा है; और

(घ) क्या अप्रयुक्त कम्प्यूटरों को दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास की शाखाओं में संस्थापित किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो कब तक ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद) (क और ख):—स्टेट बैंक आफ इन्दौर ने सूचित किया है कि उन्होंने 6 पर्सनल कम्प्यूटर और 62 एडवांस लेजर पोस्टिंग मशीनें किराया-खरीद आधार पर प्राप्त की हैं। ये सभी मशीनें बैंक के प्रधान कार्यालय/प्रशासनिक कार्यालयों/शाखाओं में लगायी गयी हैं।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान स्टेट बैंक आफ इन्दौर ने इन पर औसतन निम्नलिखित मासिक मासिक खर्च किया है :-

1. पट्टा किराया	0.97 लाख रुपए
2. रख-रखाव खर्च	0.56 लाख रुपए

(घ) प्रश्न के भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न पैदा ही नहीं होता।

पशुपालन गिरोह परिसरों में आयकर छापे

949. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान आयकर अधिकारियों ने बिहार के कुछ पशुपालन गिरोहों के परिसरों में छापे मारे हैं ;